# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## दिसम्बर 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# जन समस्या निवारण शिविर में अब तक 423 आवेदनों का हुआ निराकरण,

भिलाई नगर/ नागरिकों की समस्यायों का निराकरण करने के लिए भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 28 नवंबर से प्रारंभ हुए शिविर में अब तक 423 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शिविर स्थलों में समस्यायों को लेकर लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है। सभी जोन आयुक्त शिविर स्थलों का निरीक्षण कर जायजा ले रहे है। वहीं अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, जो आवेदक से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्यायों का निराकरण कर रहे है। जो समस्या त्वरित रूप से हल हो सकती है उसका समाधान शीघ्र किया जा रहा है।इन स्थानो पर लगेगा शिविर - दिनांक 02.12.2022 को वार्ड क्रं. 05 कोसा नगर सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्रं. 15 अम्बेडकर नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड क्रं 32 बैकुण्ठधाम स्वास्थ्य विभाग सुन्दर नगर, वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर मदरसा रोड सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 61 सेक्टर 06 पूर्व नगर निगम कार्यालय, दिनांक 05.12.2022 को वार्ड क्रं. 06 प्रियदर्शिनी परिसर संजय नगर शितला मंदिर, वार्ड क्रं. 15 अम्बेडकर नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड क्रं. 33 संतोषी पारा केम्प 02 बैकुण्ठधाम स्वास्थ्य विभाग, वार्ड क्रं. 43 बापू नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड क्रं. 62 सेक्टर 06 ई-मार्केट के सामने मंच, दिनांक 06.12.2022 को वार्ड क्रं. 07 राधिका नगर सियान सदन, वार्ड क्रं. 16 सुपेला सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार के पास, वार्ड क्र. 34 वीर शिवाजी वार्ड सांस्कृतिक भवन दुर्गा पारा केम्प 02, वार्ड क्रं. 44 लक्ष्मी नारायण नगर जलाराम मंदिर, वार्ड क्रं. 63 सेक्टर 06 पश्चिम ई-मार्केट के सामने मंच में शिविर सुबह प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा।



# प्रभारी आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने किया वार्ड क्षेत्रों का निरीक्षण, सफाई एवं पेयजल व्यवस्था का जायजा लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

भिलाई नगर/ आज नगर पालिक निगम भिलाई के प्रभारी आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने भिलाई निगम के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दरमियान उन्होंने डायरिया प्रभावित क्षेत्रों का भी सघन निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड क्षेत्रों में सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था देखी। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में डायरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अपनाए जाने वाले विशेष अभियान की जानकारी अधिकारियों से ली। निरीक्षण में उन्होंने रहवासियों से भी फीडबैक लिया। प्रभारी आयुक्त ने सकरी गलियों का निरीक्षण करते हुए नालियों की सफाई एवं मोहल्ले में सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने जेपी नगर विजयनगर, कुमारपारा, यादव पारा, बैकुंठ धाम आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन स्वास्थ्य प्रभारी सुदामा परघनिया, स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



# निगम आयुक्त रोहित व्यास ने किया कृष्णा नगर वार्ड क्षेत्र का औचक निरीक्षण, कई स्थानों पर नालियों से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने आज अल सुबह नेहरू नगर जोन क्षेत्र के कृष्णा नगर मोहल्ले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई स्थानों पर नालियों में अतिक्रमण की स्थिति देखने को मिली।बलराम चौक के पास, मिलन चौक के पास, ईश्वर चौक के पास नालियों में अतिक्रमण पाया गया, जिसके कारण नालियों की सफाई में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। आयुक्त ने स्थानीय निवासियों से भी चर्चा की तथा उनसे फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए तथा समाधान योग्य मुद्दों के लिए अधिकारियों को उचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशु मालिक अपने मवेशियों के चारा पानी की व्यवस्था अपने निवास के दायरे के भीतर ही करें तथा मवेशियों को खुले में न छोड़े। कृष्णा नगर में आयुक्त ने पुल की भी स्थिति देखी तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नेहरू नगर के जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, सहायक अभियंता आलोक पसीने एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।



# प्राथमिक शाला बापू नगर के बच्चों के लिए बनाया जाएगा अतिरिक्त कक्ष

भिलाई नगर/ बापू नगर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का जीर्णोद्धार किया जाएगा। बच्चों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए स्वीकृत करवाएं थे। जिसके बाद आज 14 दिसंबर को महापौर भिलाई नीरज पाल द्वारा भूमि पूजन कार्य किया गया। 13 लाख की लागत से बापू नगर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला का जीर्णोद्धार किया जाएगा। यहां बच्चों के बैठने के लिए अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण किया जाएगा। मुलाकात के दौरान ही पिछले साल उन्होंने स्कूल के बच्चों और शिक्षकों से भी भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना था। स्वीकृति के बाद आज भिलाई के महापौर नीरज पाल ने स्थानीय पार्षद व जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास कार्य का भूमि पूजन किया। विधि विधान से आयोजित इस भूमि पूजन कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में वार्डवासी भी उपस्थित रहे। महापौर नीरज पाल ने कहा कि अतिरिक्त कक्ष निर्माण से स्कूल के बच्चों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद दया सिंह, पार्षद सरिता देवी, संगीता बघेल, छाया पार्षद मंगल सिंह, शंकर राव, संगम यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। नेहरू भवन वार्ड के विभिन्न स्थानों में नालियों का होगा निर्माण, महापौर नीरज पाल ने किया भूमि पूजन महापौर नीरज पाल ने नेहरू भवन वार्ड क्रमांक 17 के विभिन्न स्थानों में होने वाले नाली निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ कराया। 9 लाख 96 हजार की लागत से नाली निर्माण का कार्य होगा इसके लिए साहिल कंस्ट्रक्शन को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। महापौर ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय पर नाली निर्माण कार्य को पूर्ण करें ताकि जलभराव की समस्या न हो। भूमि पूजन के दौरान एमआईसी मेंबर केशव चौबे, वार्ड पार्षद भोजराज सिन्हा व वार्डवासी मौजूद रहे।



# सिटी बस का परिचालन आज से प्रारंभ, महापौर नीरज पाल ने हरी झंडी दिखाकर निर्धारित रूट के लिए बसों को किया रवाना

भिलाई नगर/ आज से सिटी बसों का परिचालन प्रारंभ हो गया है। महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त रोहित व्यास एवं एमआईसी मेंबर व लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर ने आज हरी झंडी दिखाकर सिटी बस को रवाना किया। इसी के साथ ही निर्धारित रूटों पर अब सिटी बस दौड़ने लगेगी। प्रारंभिक चरणों में 8 सिटी बसों को प्रारंभ किया गया है तथा 2 बसें और तैयार है जो जल्द ही चालू हो जायेगी, इस प्रकार से 10 बसें चलने को तैयार है। इसके बाद शेष बसों को भी शीघ्र ही निर्धारित रूट के मुताबिक प्रारंभ किया जाएगा और सिटी बस को चलाया जाएगा। आज से प्रारंभ किए गए सिटी बस दुर्ग से रायपुर रोड की ओर, पाटन रोड की ओर तथा चंदूलाल चंद्राकर कचांदूर अस्पताल की ओर अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। सिटी बसों के प्रारंभ होने से यात्रियों को अब राहत मिलेगी तथा आवागमन में उन्हें आसानी होगी, सफर भी आसान होगा। रोजाना सफर करने वाले यात्रियों में सिटी बस चालू होने को लेकर काफी उत्साह है, क्योंकि एक बेहतर सुविधा सिटी बस यात्रियों को हमेशा देता रहा है। चंदूलाल चंद्राकर कचांदूर अस्पताल जाने वालो को भी राहत मिलेगी, मरीज व उसके परिजनों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल जाने में दिक्कत नही होगी, क्योंकि इस रूट पर वाहनों का परिचालन नही के बराबर होता है, ऐसे में सिटी बस अपनी सुविधा इसके लिए प्रदान करेगी। सिटी बस को प्रारंभ करने के लिए दुर्ग अर्बन पब्लिक सोसाइटी लगातार इसके लिए प्रयासरत था, आखिरकर सिटी बसों को आज से प्रारंभ कर दिया गया। सिटी बस को प्रारंभ करने के दौरान नोडल अधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता बीके देवांगन, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक आदि मौजूद रहे।



# प्लास्टिक लाओ, कपड़े का थैला पाओ, इसके लिए विभिन्न स्थानों में लगेंगे स्टॉल

भिलाई नगर/ आज महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी तथा एमआईसी मेंबर की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में महत्वपूर्ण एजेंडा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को देखते हुए प्लास्टिक लाओ, थैला पाओ स्टॉल एवं रिवर्स वेंडिंग मशीन की स्थापना के संबंध में रहा। इसे महापौर परिषद ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी है। स्टॉल तथा रिवर्स वेंडिंग मशीन की स्थापना ऐसे स्थानों में किया जाएगा जहां लोगों की ज्यादा आवाजाही होती है, इसके लिए प्रमुख मार्केट क्षेत्रों का चयन किया जाएगा। मशीन में प्लास्टिक जैसे झिल्ली, बॉटल, स्ट्रा, मिक्स प्लास्टिक डालने पर कपड़े का थैला मिलेगा, इससे लोगो को एक प्रकार से बहुत राहत मिलेगी और सफाई के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक का सफाया भी हो सकेगा। भिलाई वासियों के लिए यह बेहद कारगर साबित होगा। स्वच्छता की दिशा में एक अच्छी पहल की शुरुवात भी होगी। इसके लिए एमआईसी ने अनुशंसा करके शासन को स्वीकृति के लिए भेजने की मंजूरी दी है। इसके अलावा बैठक में वार्ड क्रमांक 12 के विभिन्न स्थानों में पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य, सेक्टर 1 सड़क 17 से सड़क 21 के मध्य पेवर ब्लॉक लगाकर फुटपाथ निर्माण कार्य, बापू नगर मोची मोहल्ला एवं गौतम नगर को जोड़ने हेतु नाला किनारे रोड निर्माण का कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। आज की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, मालती ठाकुर, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, मीरा बंजारे एवं लालचंद वर्मा मौजूद रहे तथा अधिकारियों में जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, येशा लहरे, खिरोद्र भोई आदि मौजूद रहे।



# मेयर कप के लिए क्रिकेट का महासंग्राम

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई की दोनों टीमें क्रिकेट के फाइनल में पहुंच गई है। मेयर नीरज पाल की टीम मेयर 11 एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास की टीम कमिश्नर 11 ने सेमीफाइनल का मैच जीत लिया है। दोनों ही टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए अन्य टीमों को परास्त कर फाइनल में कदम रख रही है। आज भिलाई निगम की दोनों टीमों का मुकाबला बिलासपुर की क्रिकेट टीम से होगा। बॉलिंग में भी मेयर इलेवन की टीम के मन्नान गफ्फार खान, इंजीनियर सलमान, सुमन सिन्हा, योगेश साहू, भूपेंद्र यादव, आदित्य सिंह तथा नीतीश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया। भिलाई चरोदा की टीम निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 ओवर में 7 विकेट गवांकर केवल 127 रन ही बना पाई और हार गई। इसी प्रकार से भिलाई कमिश्नर 11 और रायपुर कमिश्नर 11 के बीच सेमीफाइनल का मुकाबला हुआ। इस मैच में रायपुर को हार का सामना करना पड़ा। रायपुर की क्रिकेट टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 91 रन में सिमट गई।लक्ष्य का पीछा करते हुए भिलाई निगम कमिश्नर की टीम ने 8.5 ओवर में 3 विकेट खोकर 97 रन बना लिए और 7 विकेट से सेमीफाइनल का मैच जीतकर अपने नाम कर लिया। बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सृजन ने 15 बॉल में 39 रन, विकास सिंह ने 15 बॉल में 34 रन एवं अरविंद शर्मा ने 16 बॉल में 12 रन बनाए तथा कप्तान वसीम खान के नेतृत्व में अच्छी पारी खेलते हुए भिलाई को जीत की ओर ले गए। अब फाइनल में इन दोनो टीमों का मुकाबला बिलासपुर की दोनो टीम से होगा। इस प्रकार से भिलाई में मेयर नीरज पाल की टीम तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास की टीम अब फाइनल मैच बिलासपुर के साथ आज सुभाष स्टेडियम में जीतने के लिए खेलेगी।



# निर्माण एवं विध्वंस के वेस्ट मटेरियल सड़क पर बिखेरकर सड़क बाधा करने वालों पर निगम ने की कार्रवाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल रखकर सड़क बाधा करने तथा निर्माण एवं विध्वंस के मटेरियल को सड़क पर रखकर सड़क बाधा करने वालों पर आज भिलाई निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। इसके लिए आज खुर्सीपार क्षेत्र के बालाजी नगर, लक्ष्मीनारायण नगर, शास्त्री नगर एवं छावनी राजीव नगर का सघन निरीक्षण स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने किया। इसी तारतम्य में भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। इनके भवन निर्माण से संबंधित दस्तावेजों के भी परीक्षण किए जाएंगे। भवन निर्माण से संबंधित अनुज्ञा एवं अनुमति की भी जांच की जाएगी। खुर्सीपार के जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे ने आज अपने सुपरवाइजर की टीम के साथ क्षेत्र के कई वार्ड व मोहल्ला का सघन निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था बरकरार रखने के लिए सी & डी वेस्ट तथा सड़कों पर बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों पर कार्रवाई की।






# वार्ड 13 में होंगे विकास कार्य, महापौर व सभापति ने वार्डवासियों के साथ किया भूमिपूजन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 कोहका में पेवर ब्लॉक और नाली का निर्माण किया जाएगा। 15 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य से क्षेत्र के नागरिकों को सहूलियत मिल सकेगी। वार्ड 13 में लंबे समय से पक्की नाली बनाने के लिए स्थानीय नागरिक मांग कर रहे थे जिसे महापौर श्री नीरज पाल के द्वारा पूरी कराए जाने के बाद वार्डवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर व सभापति का का आभार व्यक्त किया। सभापति गिरवर बंटी साहू ने कहा कि शासन से विकास कार्य के लिए स्वीकृति मिलने के बाद भूमिपूजन किया गया। 10 लाख की लागत से नाली निर्माण तथा 05 लाख की लागत से सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। नाली निर्माण हो जाने से बरसात में मोहल्ले में पानी भरने की समस्या समाप्त हो जाएगी तो वही बरसाती पानी नाली के माध्यम से होकर निकल जाएगी। पानी निकासी नाली निर्माण के चलते सुगम हो पाएगा।काफी समय से वार्ड वासी इस कार्य की मांग कर रहे थे जिसको देखते हुए महापौर ने तत्परता दिखाते हुए कार्य के लिए स्वीकृति दिलाई और भूमिपूजन कर काम को चालू कराया। भूमिपूजन के दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के निवासी उपस्थित रहे। भूमिपूजन के दौरान भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, वार्ड पार्षद अंजु सुमन सागर सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष नंद कश्यप, नीरा जंघेल, जागेश्वरी साहू, भानूप्रताप जंघेल, भानू देशमुख,निरंजन बिसाई, निर्मल सिंह, हरजीत सिंह, उषा साहू, जमुना वर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।



# नंदनी रोड पर अतिक्रमण करने वालो पर हुई कार्रवाई, अवैध निर्माण के साथ ही नालियों हटाया गया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर शिकंजा कसते हुए उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, जोन 03 मदरटेरेसा नगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने नंदनी रोड पर सड़क किनारे नाली पर अतिरिक्त निर्माण और बांस बल्ली व टीन से अस्थाई रूप से कब्जा कर व्यवसाय करने की शिकायत पर 10 से अधिक स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए तोड़फोड़ उपरांत सामग्री को भी जप्त किया गया। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी/कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए है। इसके परिपालन में निगम की टीम अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर नजर रखते हुए उनपर कार्यवाही कर रही है। व्यवसायियों द्वारा नाली के उपर अतिरिक्त निर्माण कर आने जाने के लिए सीढ़ी, चबूतरा व सामान रखने के लिए रेम्प बनाया लिया गया था, कई दुकानदार अतिक्रमण के उद्देश्य से दुकान के आगे कई फीट दूर सड़क किनारे तक व्यवसाय कर रहे थे, दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से वाहनों के पार्किंग होने से आवागन बाधित होता था, मार्ग में हमेशा भीड़ भाड़ रहता है इसलिए आवागमन में कोई बाधा न हो इसे देखते हुए कार्यवाही की गई। राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तोड़फोड़ कर सामग्री को जप्त किया। कुछ दुकानदार सामान फैलाकर व्यवसाय कर सड़क बाधा कर रहे थे,चेतावनी देने के साथ ही उनसे 8 हजार रूपए अर्थदण्ड भी वसूला गया।



# निगम प्रशासन ने 06 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के 6 अधिकारी/कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के उपरांत उन्हें निगम प्रशासन ने विदाई समारोह का आयोजन कर ससम्मान विदाई दी। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास ने सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया और इन कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य तथा दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, एमआईसी मेंबर एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य संदीप निरंकारी, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा, सुरेश कुमार वर्मा, रिकेश सेन, महेश वर्मा, हरिओम तिवारी भी मौजूद रहे।इन सभी के परिजन आज विदाई समारोह में सभागार में मौजूद थे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में निगम के अधिकारी/कर्मचारी तथा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।




**Editorial Board**

श्री रोहित व्यास
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई